# बिजली, पानी और कानून व्यवस्था चौपट, सुधार नहीं तो आंदोलन : बी. डी. कल्ला



बीकानेर शहर कांग्रेस ने बिजली कटौती के विरोध में कोटगेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला दहन किया।

- कल्ला ने कहा कि जिस तरह से राज्य भर में 10 से 12 घंटे की अघोषित बिजली काटी जा रही है, उससे आमजन काफी परेशान है
- पीने का पानी आम जनता को खरीदना पड़ रहा है

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राज्य भर में बिजली पानी और कानून व्यवस्था चौपट होने के विरोध में राज्य व्यापी प्रदर्शन के तहत आज बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कोटगेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल का पुतला दहन किया गया।

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ बी. डी. कल्ला ने कहा की जिस तरह से राज्य भर में 10 से 12 घंटे की अघोषित बिजली काटी जा रही है। उससे आमजन काफी परेशान है। यही नहीं इसके कारण पेयजल व्यवस्था भी लड़खड़ा गई है और राज्य की भाजपा सरकार इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है और सुधारने का प्रयास भी मुख्यमंत्री भजनलाल के द्वारा नहीं किया जा रहा है, जो साबित करता है कि भाजपा को आमजन की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए आज विरोध प्रदर्शन कर सरकार को चेताने का कार्य किया है कि अगर जल्द ही इस पर नियंत्रण कर व्यवस्था सुचारू नहीं की गई तो जन आंदोलन किया जायेगा।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि आज राजस्थान में और खासतौर से बीकानेर में जो बिजली की अव्यवस्था चल रही है। भीषण गर्मी में पीने का पानी आम जनता को खरीदना पड़ रहा है और तो और कानून व्यवस्था का ये हाल है कि अपराधी मस्त है और पुलिस अपनी लापरवाही में व्यस्त है।

जनता अपराधियों से भय ग्रस्त है और राज का मुख्यमंत्री सिर्फ दावतों में व्यस्त है। इतना बुरा शासन जिसमें मुख्यमंत्री का कोई नियंत्रण ही ना हो आज तक नहीं देखा। जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि जल्द से चौपट हुई व्यवस्थाओं को सुधारा नहीं गया तो जिला कांग्रेस राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को तेज करते हुए जनांदोलन का रूख अख्तियार करेगी।

जिला संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने कहा कि भाजपा का राज जब जब आता है, जनता के लिए परेशानी का सबब बन जाता है। ऐसा लगता है कि भाजपा को सत्ता तो चाहिए लेकिन आम जनता की जिम्मेदारी से रहित। प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ और गजेन्द्र सिंह सांखला ने कहा कि भाजपा को सिर्फ धार्मिक भावनाएं भड़काना और लोगों को लड़वाना आता है। आम जनता की तकलीफ कैसे दूर हो उनके लिए इनके पास कोई विजन नहीं है।

पूर्व मंत्री मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि भाजपा का शासन का मतलब ही आमजन को पीड़ा पहुंचाना है। प्रवक्ता विकास तंवर ने बताया कि विरोध प्रदर्शन को प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव सलीम भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष आनद सिंह सोढा, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर नागौरी, ब्लॉक अध्यक्ष शहजाद भुट्टा, उपाध्यक्ष श्रीलाल व्यास, दिलीप बांठिया, ललित तेजस्वी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शर्मिला पंचारिया, इंटक जिला अध्यक्ष महेन्द्र देवड़ा, पार्षद महेंद्र सिंह बडगुजर, पार्षद जूलेखा बानो, पार्षद वसीम फिरोज अब्बासी, पार्षद ताहिर हसन कादरी, पार्षद खुसबू पंवार, पार्षद रमजान अली कछावा, महासचिव प्रेम जोशी, जावेद पडिहार, रवि पुरोहित राहुल जादुसंगत, तोलाराम सियाग, आनंद जोशी, शशिकला राठौड़, आजम अली धनसुख आचार्य, अहमद अली भाटी, सुभाष स्वामी, रविकांत वाल्मीकि, अभिषेक गहलोत, एजाज पठान, हाजिर खान, जयदीप सिंह जावा, मनोज चौधरी, बंसीलाल आचार्य, किशनलाल ओझा, गोवर्धन मीना, मोहमद रफीके, रईस अली, सफी खान, सरदार अमरीक सिंह, महबूब रंगरेज, मुमताज शेख, आशा देवी स्वामी, प्रवक्ता अनिल सारडा, पन्नालाल मेघवाल, मैक्स नायक ने संबोधित करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद मोहमाद अली, पूर्व पार्षद शहाबुदीन भुट्टा, विनोद कोचर, किशन तंवर भीखाराम कडेला, संजय गोयल, मुकेश जोशी जितेंद्र बिस्सा, इस्माइल खिलजी, माणक गुजराती, राजू पंडित, रियाजुदीन पंवार, विकास रावत, रमजान रंगरेज, रामरतन डेलू, एच. एम. पप्पू, मुकेश जोशी, सुरेश चावरिया आदि मौजूद थे।

## ताईक्वांडो में बीकानेर के खिलाड़ियों ने जीते 6 मैडल

**बीकानेर,** (कासं)। जयपुर के ब्रह्मपुरी इंडोर हॉल में आयोजित राजस्थान स्टेट ताईक्वांडो चैम्पियनशिप में बीकानेर जिले के खिलाड़ियों ने 01 गोल्ड 02 सिल्वर व 03 ब्रोंज सहित कुल 06 स्टेट मैडल जीतकर बीकानेर का मान बढ़ाया है।

ताईक्वांडो एसोसिएशन बीकानेर के डिस्ट्रिक्ट सैक्रेटरी धनंजय सारस्वत ने बताया कि इंडिया ताईक्वांडो से एक मात्र मान्यता प्राप्त राजस्थान ताईक्वांडो एवं जयपुर ताईक्वांडो के संयुक्त तत्वावधान में 03 से 05 अगस्त को ब्रह्मपुरी जयपुर में हुई राजस्थान स्टेट ताईक्वांडो चैम्पियनशिप में 300 से अधिक कैडेट, सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता निभाई। बीकानेर जिले की वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी की निशा पडिहार ने गोल्ड मैडल जीता। वहीं कृष्णा सुथार व श्रेयांशी ने सिल्वर तथा मान्यता पुरोहित, निशा व रिद्धि भाटी सहित कुल 06 राज्य स्तरीय मैडल जीतकर बीकानेर जिले का नाम बढ़ाया।

विजेता खिलाड़ियों का ताईक्वांडो राजस्थान के स्टेट सैक्रेटरी सज्जाद खान द्वारा मैडल पहनाकर तथा डिस्ट्रिक्ट सैक्रेटरी व कोच का ऑफिशियल मोमेंटो देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। बीकानेर जिले की इस उपलब्धि पर ताईक्वांडो इंटरनेशनल मेडलिस्ट हिमांशु सारस्वत, पुरूषोत्तम ओझा, ओमप्रकाश शर्मा राजेरां, हंसराज सारस्वत कपूरीसर तथा वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी प्रेसीडेंट व भाजपा शहर जिला खेल सह संयोजिका शोभा सारस्वत ने प्रसन्नता जताई है।

## सार-समाचार

### लॉ कॉलेज में गुरू वंदन कार्यक्रम



राजकीय विधि महाविद्यालय में गुरू वंदन कार्यक्रम को प्रो. दिग्विजय सिंह ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) द्वारा गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री दिग्विजय सिंह रहे। प्रोफेसर दिग्विजय सिंह ने विद्यार्थियों के साथ गुरू शिष्य संबंधों पर चर्चा करते हुए गुरू पूर्णिमा का महत्व उन्हें समझाया। उन्होंने संगठन के ध्येय वाक्य राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक तथा शिक्षक के हित में समाज पर विचार प्रकट करते वर्तमान समय में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर शशिकांत ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि गुरू ही ब्रह्म है और गुरु ही हमारे रचयिता पोषक एवं अज्ञान का विनाश करने वाले है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ वेदों की महत्ता पर भी चर्चा की। साथ ही राष्ट्र की उन्नति में गुरू की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इसी क्रम में कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर भगवाना राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि उन्हें ज्ञान के प्रति जिज्ञासु होना चाहिए तथा सदैव जीवन के हर मोड़ पर गुरू के प्रति सदभाव व आदर रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की सह आचार्य डॉक्टर कुमुद जैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

### गणेश स्पोर्ट्स ने क्रिकेट ट्रॉफी जीती



मुख्य अतिथि दिलीप सिंह भाटी ने विजेता गणेश स्पोर्ट्स को एन.डी.जे.डी. ट्रॉफी से नवाजा।

**बीकानेर,** (कासं)। नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 100 गेंद एनडीजेडी क्रिकेट ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला केएमआर टर्फ पर डे- नाइट मुकाबले में गणेश स्पोर्ट्स ने रानीबाजार टीम को 4 विकेट से हराया। ट्रस्ट के तरूण भोजक ने बताया कि रानीबाजार के कप्तान राहुल शर्मा ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुऐ शंकर सेवग ने 4 छक्कों की सहायता से नाबाद 66 रनों की बदौलत 107 रन बनाये व राहुल शर्मा ने 20 रन व तरुण 12 रन बनाये। गणेश स्पोर्ट्स के पार्थ, पंकज, ऋतु ध्वज, क्रमश दो -दो विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करती गणेश स्पोर्ट्स के पार्थ शर्मा की 65 रनों की शानदार पारी के बदौलत 80 गेंद पर 108 रन बनाकर मैच जीत लिया। हर्ष ने भी 30 रन बनाये, गणेश स्पोर्ट्स के पार्थ शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। रानी बाजार के राहुल शर्मा, नरोत्तम ने एक-एक विकेट लिये। मैच के एम्पायर पंकज व्यास व जयंत शर्मा थे। मैच समाप्ती के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खेल समीक्षक दलीप सिंह भाटी, शिवरतन सेवग ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व विजेता, उपविजेता को ट्राफी प्रदान की। ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने बताया कि पहली बार 100 गेंद क्रिकेट मैच में रोचकता के साथ क्रिकेट में नयापन खेलने को दिखता है। ऋतुध्वज शर्मा ने धन्यवाद दिया।

### सफाई कर्मचारी धरने पर बैठे

**चूरू,** (कासं.)। वाल्मीकि संघर्ष समिति चूरू एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा सफाई भर्ती 2023 में शत प्रतिशत सफाई कामगार समाज वाल्मीकि को प्राथमिकता देने की मांग की है। इसके अलावा समिति की ओर से 12 सूत्री मांगों को लेकर आज शीतला चौक से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों के द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई।

# कोरोना के साइड इफेक्ट लोगों को आज भी दे रहे हैं दर्द

- पहले हार्ट की आर्टरी में थक्के जमना और अब कूल्हे की हड्डी गलने के मरीज रिपोर्ट हो रहे हैं

**बीकानेर,** (कासं)। कोरोना को गए तीन साल बीत गए लेकिन इसके साइड इफेक्ट लोगों को आज भी दर्द दे रहे हैं। पहले हार्ट की आर्टरी में थक्के जमना और अब कूल्हे की हड्डी का गलना।

डॉक्टरों के अनुसार राजस्थान भर में कोरोना से पीडित रहे लोगों में एवस्कुलर नेक्रोसिस (एवीएन) यानि बोन डेड के हजारों मामले देखने को मिल रहे हैं। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा बीकानेर संभाग में ऐसे मामले ज्यादा देखे गए हैं। बीकानेर संभाग के सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल के अस्थि रोग विभाग की बात करें तो साढ़े तीन साल में कूल्हे की हड्डी गलने के 171 मरीज रिपोर्ट हो चुके हैं। इनके स्वास्थ्य संबंधी हिस्ट्री का पता करने पर सामने आया कि यह सभी लोग कोरोना की चपेट में आए थे, जिन्हें स्टेरॉयड की हैवी डोज दी गई थी।

पीबीएम अस्पताल के अस्थि रोग विभाग के डॉ. संजय तंवर के मुताबिक, कोरोना के बाद मरीजों में फाइब्रोसिस, म्यूकर माइकोसिस, ऑस्टियोमोलाइटिस, पोस्ट कोविड इमफ्लेमेंट्री सिंड्रोम, इरेक्टाइल डिस्फंक्शन, पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसॉर्डर जैसी असामान्य बीमारियों के साथ डायबिटीज, हार्ट डिजीज, जोड़ों में दर्द, यूरिन इंफेक्शन, लिवर इंफेक्शन, आंतों में इंफेक्शन, कमजोरी, भूख न लगना, सांस फूलना, ब्लड प्रेशर, वजन घटना या बढना, सुन्नपन होना, आंखों की रोशनी कम होना, पेट दर्द और बुखार जैसी समस्याएं हो रही हैं। जांघ की हड्डी के ऊपरी गोल हिस्से हेड में खून का प्रवाह बंद होने से हड्डियों के ऊतक मर जाते हैं, जिसे एवस्कुलर नेक्रोसिस कहते हैं। खून न मिलने से गोल हड्डी चपटी होने लगती है, जिससे मूवमेंट बंद हो जाता है।

डॉ. बी.एल. खजोटिया, वरिष्ठ आचार्य, अस्थि रोग विभाग, पीबीएम अस्पताल ने बताया कि कूल्हे की हड्डी खराब होने की बीमारी 45 की उम्र के बाद लोगों में देखने को मिलती है। बीकानेर के खाजूवाला निवासी 40 वर्षीय माया के कूल्हों में तेज दर्द रहता था। पीबीएम अस्पताल के अस्थि रोग विभाग के चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि कूल्हे की हड्डी खराब हो रही है। चिकित्सकों ने महिला का ऑपरेशन कर दोनों कूल्हे नए प्रत्यारोपित किए। महिला कोराना ग्रस्त हुई थी और दवा की हैवी डोज दी गई थी।

## पिकअप-ट्रेलर की टक्कर में एक जने की मौत

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ थानान्तर्गत पिकअप व ट्रेलर में हुई टक्कर में एक जने की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया।

श्रीगंगानगर के रहने वाले अनुज कुमार पुत्र ओमप्रकाश पिकअप गाड़ी में दूध की टंकियां लेकर जा रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर कितासर के पास ट्रेलर को पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे अनुज कुमार पिकअप के अंदर ही फंस गया। उसके सिर सहित अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट आई। उसे तुरंत अस्पताल भी पहुंचाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पिकअप आगे से पूरी तरह दब चुकी थी। ट्रेलर के पीछे का हिस्सा पिकअप के अंदर तक घुस चुका था। जिससे पिकअप चला रहा अनुज चपेट में आ गया।

## श्री अनुत्तरोपपातिक दशांक सूत्र की आराधना

- आगम वाटिका में 45 आगम तप अनुष्ठान

**बीकानेर,**(कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में चल रहे ढड्ढा चौक की आगम वाटिका में 45 आगम तप अनुष्ठान में सोमवार को नौवें दिन श्री अनुत्तरोपपातिक दशांक सूत्र की आराधना की गई। मंगलवार को प्रश्न व्याकरण सूत्र का वंदन पूजन किया जायेगा।

आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरिश्वरजी ने धर्मचर्चा में बताया कि अनुत्तरोववाईवशा या अनुत्तरोपपातिक दशांक सूत्र के तीन वर्गों में 33 अध्ययन है। इसमें सुविशुद्ध निर्मल चारित्र का पालन करके अनुत्तर विमान में उत्पन्न होने वाले महापुण्यशाली श्रेणिक राजा, अभय कुमार, धन्ना अणगार आदि के जीवन चरित्र और उनके चारित्र की निर्मल आराधना का वर्णन है। आचार्यश्री ने कहा कि पानी, पैसा, प्रसिद्धि व प्रशंसा की प्यास को संतोष, समता से नियंत्रित किया जा सकता है। बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर ने आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया तथा आचार्यश्री की ओर से प्रस्तुत विषय को विस्तार से समझाया। वरिष्ठ श्रावक कन्हैयालाल भुगड़ी के 15 दिन की तपस्या की अनुमोदना की गई। संघ पूजा का लाभ केशरीचंद, झंवरलाल, मनोज व मधु सेठिया परिवार ने लिया।

रांगड़ी चौक की तपागच्छीय पौषधशाला में मुनि पुष्पेन्द्र विजय मुनि श्रुतानंद विजय के सानिध्य में सोमवार को नाहटा चौक के भगवान आदिनाथ मंदिर में नेत्रदानी, समाजसेवी, विजय चंद बांठिया की स्मृति में अंतरायकर्म पूजा की गई। पूजा में मुनिश्री पुष्पेन्द्र विजय ने मंत्रोच्चारण किया।

## नौ नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि जिले में 9 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जायेंगे। इनके लिए भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और नगर विकास न्यास के अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा घड़सीसर, शीतला गेट, अमरसिंहपुर लाल क्वार्टर, भीनासर, बजरंग धोरा, चकगर्बी, खतूरिया कॉलोनी, कैलाशपुरी और श्रीडूंगरगढ़ में नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाने की स्वीकृति दी गई है। इनके लिए नगर विकास न्यास अथवा संबंधित एजेंसी द्वारा भूमि आवंटन के प्रस्ताव अविलम्ब भिजवाए जाएं।

जिला कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक आरोग्य मंदिर भवन निर्माण के लिए पच्चीस-पच्चीस लाख रूपये व्यय किए जायेंगे। यह भवन एनएचएम के माध्यम से बनवाए जायेंगे। इनमें एक चिकित्सक, दो जीएनएम, एक एएनएम और फार्मासिस्ट सहित कुल 7 कार्मिकों का स्टाफ होगा। इन आरोग्य मंदिरों में ओपीडी की सुविधा मुहैया करवाई जायेगी। इससे इन क्षेत्रों के लोगों को लाभ होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में जिले में सात शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों को चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

## नहर में डूबने से युवक की मौत

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के लूणकरनसर थाना क्षेत्र में नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हंसेरा के पास काम कर रहा अभय कुमार अचानक नहर में गिर गया। पानी गहरा होने पर वह बाहर नहीं निकल पाया। ,

आस-पास के लोगों ने उसे बाहर निकाला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। अभय कुमार मूल रूप से उत्तरप्रदेश के मऊ जिले का रहने वाला था। यहां किसी प्राईवेट कंपनी के साथ काम कर रहा था और इसी कंपनी ने उसे सर्वे के लिए इस क्षेत्र में भेजा था। अभय के पिता पद्मनाथ को घटना की जानकारी दी गई। वो मौके पर पहुंचे, जिसके बाद उसके शव का पोस्टमार्टम किया गया। शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। इंदिरा गांधी नहर में डूबने से आये दिन लोगों की मौत हो रही है।

## ए.एस.आई. व गैस एजेंसी संचालक में हाथापाई

- ए.एस.आई लाइन हाजिर

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के जेएनवीसी कॉलोनी थाना क्षेत्र में एचपी गैस एजेंसी संचालक व कर्मचारियों के साथ मारपीट करने व दुर्व्यवहार करने के आरोप में दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

वहीं इस मामले में एक एएसआई सुरेश कुमार को लाइन हाजिर किया गया है और संचालक व एक अन्य को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया था। जसमान एचपी गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि एएसआई सुरेश कुमार यादव व भवानी दान उनके साथ मारपीट गाली-गलौज करते हुए दुर्व्यवहार किया। वही इसके क्रॉस में एएसआई सुरेश कुमार यादव ने भी संचालक और अन्य कर्मचारी ने मारपीट और दुर्व्यवहार और पैसे छीनने का आरोप लगाये है। बहराल घटना के विरोध में एलपीजी एसोसिएशन ने रोष जताया है।

संगठन के अध्यक्ष शांतिप्रसाद शर्मा ने संगठन के पदाधिकारी के प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा को जसमान एचपी गैस एजेंसी के मालिक व कर्मचारियों के साथ 3 अगस्त को एएसआई सुरेश कुमार यादव एएसआई व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार व झूठे मुकदमे के खिलाफ अवगत करवाया है। जिस पर अधिकारियों द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई भी की गई तुरंत कार्रवाई के लिए आईजी ओमप्रकाश, एसपी तेजस्विनी गौतम व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है। बताया जा रहा है कि एएसआई सुरेश नयाशहर थाने में पदस्थापित थे। जानकारी मिली है एएसआई सुरेश सिलेंडर लेने गया था। उसे एजेंसी में सिलेंडर नहीं होने की बात कही तब बात बिगड़ गई।

बाद में दोनों पक्षों में समझौता भी हो गया और एक दूसरे से माफी भी मांग ली। लेकिन बाद में एएसआई को लाइन हाजिर कर दिया गया।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर ( राज. )**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com, Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3795 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.8.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 3 ई छोटी मुख्बा नं. 20-21 के किला नं. 18 में माप 30 इन्टू 70 फीट, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 1734 दिनांक 09.01.2023 को श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री परसाराम के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्ड में से माप 15 इन्टू 50 फीट कॉर्नर श्रीमती पायल गुप्ता पत्नी श्री चन्द्रमोहन एवं माप 20 इन्टू 30 फीट श्री संजय गर्ग पुत्र श्री वेद प्रकाश गर्ग एवं माप 15 इन्टू 50 फीट श्रीमती नीतू गर्ग पत्नी श्री सुमित कुमार द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.07.2024 द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज, एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित्त करवाते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। – **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**


# ऊंटों के स्वास्थ्य, उत्पादन व प्रौद्योगिकी विकास पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण



एन.आर.सी.सी. में उष्ट्र स्वास्थ्य, उत्पादन व प्रौद्योगिकी विकास पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण को डॉ. मनोज नारदेव सिंह व रमी क्वस्थ ने संबोधित किया।

- कार्यक्रम में 19 देशों के 85 प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र में आज अफ्रीकन एशियन रूरल डवलपमेंट ऑर्गेनाईजेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'एडवांसेज इन कैमल हेल्थ प्रोडक्शन एंड टैक्नोलॉजी' विषयक चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में केन्द्र के निदेशक डॉ.आर.के.सावल, आरडू के सेक्रेटरी जनरल डॉ. मनोज नारदेव सिंह, असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल रमी क्वस्थ, डॉ. संजीव बेहरा, कमल धमीजा आदि शामिल हुए। केन्द्र निदेशक डॉ.आर.के. सावल ने स्वागत भाषण में केन्द्र की उपलब्धियों एवं संसाधनों की जानकारी देते हुए यह आशा व्यक्त की है कि भविषय में सहयोगात्मक अनुसंधानों एवं कार्यों से उष्ट्र प्रजाति के विकास में गति आयेगी।

आरडू के सेक्रेटी जनरल डॉ. मनोज नारदेव सिंह ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2024 को अंतर्राराष्ट्रीय कैमलिड वर्ष घोषित किए जाने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पशु के नूतन उपयोगों से इस प्रजाति के विकास एवं संरक्षण में सहायता मिलेगी और एनआरसीसी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर डॉ. टी.के. गहलोत, पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सर्जरी विभाग, राजुवास ने अपने की-नोट भाषण में ऊंटों में सर्जरी के बारे में नवीनतम जानकारी प्रस्तुत की जिसे सहभागियों ने काफी सराहा। इस कार्यक्रम के संयोजक केन्द्र के डॉ. राकेश रंजन, प्रधान वैज्ञानिक ने बताया कि इस कार्यक्रम में अफ्रीका एवं एशिया के 19 देशों के 85 प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को उष्ट्र स्वास्थ्य, उतपादन एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रही अद्यतन ज्ञान उपलब्ध कराना है।

## बिजली की नई दरें लागू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले एवं प्रदेशभर में अगस्त से बिजली की नई दरें लागू हो गई है। राजस्थान विद्युत नियामक आयोग की ओर से जारी आदेश के अनुसार यूनिट दरों में तो किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन फिक्स चार्ज में बढ़ोतरी की गई है। इस नई व्यवस्था के बाद अब सितम्बर व अक्टूबर में आने वाले बिजली के बिल उपभोक्ताओं को अच्छा-खासा करंट मारेंगे।

वहीं ग्रामीण इलाकों में चलने वाले उद्योगों को मिलने वाली छूट भी नए टैरिफ प्लान में बदली गई है। जहां अब तक रात को बिजली इस्तेमाल करने वाले उद्योगों को 7.5 प्रतिशत की छूट मिलती थी। उन्हें अब दिन के समय में 12 से 4 बजे के बीच विद्युत उपयोग करने पर छूट का प्रावधान रखा गया है। इस समय बिजली इस्तेमाल करने वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं को यूनिट दरों में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जबकि 11 केवी लाइन पर किए गए घरेलू कनेक्शन पर भी प्रति केवी 250 रूपए से बढ़ाकर 275 रूपए प्रति केवी कर दिया गया है।


**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (टी. एण्ड सी.) बीकानेर के अधीन विभिन्न निविदा के लिए, सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त जानकारी राज्य सरकार की वेब साइट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in** तथा विभागीय वेब साइट **http://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn** पर उपलब्ध है। भविष्य में निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य बदलाव की जानकारी उपरोक्त वेब साईट के द्वारा दे दी जायेगी।

**NIB No. VPN2425A0598, VPN2425A0599, VPN2425A0600, VPN2425A0601, VPN2425A0602 and VPN2425A0603**

अधीक्षण अभियन्ता (टी. एण्ड सी.), बीकानेर

राज.संवाद/सी/24/3298 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6286/2024

कार्यालय:जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय) माध्यमिक, बीकानेर
कोठी नं.3हनुमान हत्था, बीकानलेर

क्रमांक:-जिशिअ/मुमा/बीका/खेलकूद/लेखा/खुली-निविदा/2024-25/1202 दिनांक:-01.08.2024

खुली निविदा सूचना संख्या:-02/2024-25

सत्र2024-25में आयोज्य विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों हेतु आवश्यक खेल सामग्री क्रय किये जाने हेतु पंजीकृत फर्मो/कम्पनी/पंजीकृत वितरण/वास्तविक निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से सीमित निविदा दिनांक 02.08.2024 प्रात:10.00बजे से 12.08.2024 सांय 06 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | खेल सामग्री | अनुमानित राशि |
|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थियों हेतु 2योगा मेट | 340000 |
| 2. | प्रमाण पत्र मुद्रण कार्य (संलग्न मापदण्डानुसार) | 105000 |
| 3. | खेलकूद निर्देशिका मुद्रण 120 आर्ट पेपर डिजिटल प्रिंटिंग (प्रथम एवं अन्तिम पृष्ठ कलर) 400नग संलग्न | 40000 |

UBN-RSE2425WSOBoo809

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)माध्यमिक, बीकानेर